FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

**प्रेसनोट दिनांक 14-08-2026 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद ।**

## थाना सिरसागंज पुलिस टीम व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में कस्बा सिरसागंज में इटावा रोड पर पीपी ज्वैलर्स की दुकान से सोने की चैन लूट की घटना का महज 20 घण्टे में किया अनावरण.........

- **घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त को पुलिस टीम द्वारा घटना में 01 लूटी गयी सोने की चैन व 01 अदद नाजायज तंमचा 315 बोर व 02 अदद कारतूस 315 बोर के साथ किया गया गिरफ्तार.........**
- **पुलिस टीम द्वारा घटना कारित करने वाले दूसरे अभियुक्त अभिषेक व घटना में प्रयुक्त गाडी (सफेद रंग की टाटा नेक्सोन ) की तलाश जारी.........**

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे द्वारा जनपद में लूट की घटना कारित करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन में श्रीमान क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 13.08.2026 को दोपहर समय 15.00 बजे कस्बा सिरसागंज में पीपी ज्वैलर्स की दुकान से 02 सोने की चैन लूट की घटना का पुलिस टीम सिरसागंज व एसओजी टीम के द्वारा महज 20 घण्टे में अनावरण किया गया। घटना कारित करने में दो अभियुक्तगणों 1.- ईशू पुत्र वीरभान निवासी ग्राम वेदपुरा प्रेमनाथ बाबा मन्दिर के पास जाटव बस्ती गली नम्बर 34 थाना वेदपुरा जिला इटावा 2. अभिषेक पुत्र नरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम नरहोली थाना सैफई जनपद इटावा का नाम प्रकाश में आया था। जिसमें अभियुक्त ईशू उपरोक्त को घटना में लूटी गयी 01 सोने की चैन वजनी 10 ग्राम व 01 नाजायज तमंचा 315 बोर व 02 कारतूस 315 बोर के साथ आज दिनांक 14.08.2026 को दिहुली रोड पर नवनिर्मित कोल्ड स्टोर के पास कठफोरी से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। फरार अभियुक्त अभिषेक व घटना में प्रयुक्त गाडी की पुलिस टीमों द्वारा तलाश की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण -------** दिनांक 13.08.2026 को रोजाना की भांति मुकदमा वादी सुजल जैन पुत्र श्री प्रवीन कुमार जैन निवासी इटावा रोड, बैंक ऑफ इंडिया के पास थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद अपने छोटे भाई उज्जवल जैन के साथ अपनी दुकान पीपी ज्वैलर्स इटावा रोड कस्बा व थाना सिरसागंज पर बैठे हुए थे समय करीब 14.55 बजे दो व्यक्ति मुकदमा वादी की दुकान पर बिना नम्बर प्लेट सफेद कलर की टाटा नेक्सोन से आये थे जिसमें पकडा गया अभियुक्त गाडी में बैठकर आसपास निगरानी कर रहा था। फरार साथी अभिषेक दुकान में ग्राहक बनकर आया था। जिसके द्वारा मुकदमा वादी से सोने की चैन खरीदने की बात कही तो वादी के द्वारा जब

सोने की चैन दिखाई गयी तो फरार अभियुक्त अभिषेक के द्वारा अपने गले में दो सोनें की चैन को पहन लिया और अपने घरवालों को काल करने की बात कहकर दिखाने लगा था मुकदमा वादी को शक होनें पर उसके द्वारा जब अपनी दोनो सोनें की चैन को वापस मांगा गया तो उक्त व्यक्ति द्वारा मुकदमा वादी को जान से मारने की धमकी देते हुए बाहर खडे हुए साथी के साथ गाडी में बैठकर भाग गया । सुजल जैन के द्वारा घटना के उपरान्त अपनी मोटरसाईकिल से नगला राधे मोड महाराणा प्रताप की मूर्ति तक पीछा किया तो ये दोनों सुजल जैन को तंमचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये । उक्त प्रकरण में वादी की तहरीर के आधार पर थाना सिरसागंज पर मु0अ0सं0- 405/26 धारा- 309(4) बीएनएस पर पंजीकृत किया गया था । घटनास्थल का उच्चाधिकारीगणों के द्वारा निरीक्षण किया गया। उच्चाधिकारीगणों के निर्देशन में घटना के अनावरण हेतु तत्काल 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीमों द्वारा तकनीकी साक्ष्यों पर कार्य करते हुए सीसीटीवी फुटैज मुकदमा वादी की दुकान व टोल प्लाजा से लिये गये जिसके आधार पर घटना में प्रयुक्त गाडी नम्बर की पहचान की गयी पुलिस टीम द्वारा लगातर दबिश देते हुए महज 20 घण्टे में घटना कारित करने वाले दो अभियुक्तगणों में से एक अभियुक्त ईशू पुत्र वीरभान निवासी ग्राम वेदपुरा प्रेमनाथ बाबा मन्दिर के पास जाटव बस्ती गली नम्बर 34 थाना वेदपुरा जिला इटावा को घटना में लूटी गयी 01 सोने की चैन वजनी 10 ग्राम व 01 अदद नाजायज तमंचा 315 बोर व 02 अदद कारतूस 315 बोर के साथ दिहुली रोड पर नवनिर्मित कोल्ड स्टोर के पास कठफोरी थाना सिरसागंज से किया गया गिरफ्तार ।गिरफ्तार अभियुक के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**विवरण पूछताछ अभियुक्त ------** गिरफ्तार अभियुक्त ईशू पुत्र वीरभान निवासी ग्राम वेदपुरा प्रेमनाथ बाबा मन्दिर के पास जाटव बस्ती गली नम्बर 34 थाना वेदपुरा जिला इटावा ने पूछताछ पर बताया कि मैनें व मेरे फरार साथी अभिषेक ने मिलकर पीसी ज्वैलर्स की दुकान से लूट का प्लान बनाया था हम लोगों के द्वारा घटना में प्रयुक्त कार को रेन्ट पर 4000 रूपये दिन के हिसाब से आगरा घूमने के बहाने लेकर आये थे। मैने व मेरे साथी के द्वारा गूगल पर कस्बा सिरसागंज में ज्वैलर्स की दुकानों को सर्च किया था पीपी ज्वैलर्स की दुकान कस्बे के बाहर इटावा रोड पर दिखाई दी थी हम लोगों ने पकडे जाने के डर से नम्बर प्लेट को खोलकर कार के पीछे सीट पर रख दिया था हम दोनों गूगल मेप की सहायता से पीपी ज्वैलर्स की दुकान के बाहर तक पहुचें थे जिसमें मै गाडी में बैठकर के गाडी को साईड में लगाकर मैं आसपास निगरानी करने लगा। मेरा साथी अभिषेक दुकान में ग्राहक बनकर गया था वह मेरी मौसी का ही लडका है उसने दो सोनें की चैनों को अपने गले में पहन लिया था और ज्वैलर्स के द्वारा मांगने पर जान से मारने की धमकी देते हुए गाडी बैठने के लिये भाग आया था उसके गाडी में बैठने पर मेरे द्वारा गाडी को इटावा रोड पर एक साथ तेज रफतार से चलाया गया था। हमारा पीछा ज्वैलर्स के द्वारा अपनी मोटरसाईकिल से किया गया था हम लोगों के द्वारा उसे तंमचा दिखाकर के जान से मारने की धमकी दी थी और हम लोग गाडी को लेकर के इटावा की ओर भाग गये। गाडी को हाईवे पर पहुचने के बाद अभिषेक चलाने लगा था और मै उसकी सीट पर बैठ गया। कठफोरी टोल टैक्स पर पकडे जाने के डर से हम लोग टोल प्लाजा का बैरियर तोडते हुए भाग गये थे आगे जाकर के हम दोनों के द्वारा लूटी गयी दोनों सोने की चैनों में से एक एक सोने की चैन को बांट लिया था।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त –**

1.ईशू पुत्र वीरभान निवासी ग्राम वेदपुरा प्रेमनाथ बाबा मन्दिर के पास जाटव बस्ती गली नम्बर 34 थाना वेदपुरा जिला इटावा।

**नाम पता फरार अभियुक्त--**

2.अभिषेक पुत्र नरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम नरहोली थाना सैफई जनपद इटावा।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त ईशू –**

1.मु0अ0सं0- 405/26 धारा- 309(4)/317(2) बीएनएस थाना सिरसागंज जनपद फिरजाबाद।

2.मु0अ0स0 408/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

**पुलिस टीम के अधि0/कर्मचारीगण-**

1.श्री अनिल कुमार सिंह प्र0नि0 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

2.निरीक्षक श्री प्रेमशंकर पाण्डेय प्रभारी एसओजी मय टीम फिरोजाबाद।

3.निरीक्षक प्रभारी सर्विलांस मुकेश कुमार मय टीम जनपद फिरोजाबाद।

4.उ0नि0 कुलवीर सिंह तरार कस्बा प्रभारी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

5.उ0नि0 अरूण अधाना थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

6.उ0नि0 अंकुर कुमार चौ0प्र0 कठफोरी मय टीम थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

7.का0 127 अमित सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

8.का0 761 राजेन्द्र सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

9.का0 383 दीपक पाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

10.का0 1811 तरूण कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

11.का0 मनीष कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।